**Need to construct a rail over-bridge at Itki in Ranchi, Jharkhand-Laid**

श्री सुखदेव भगत **(**लोहरदगा**) :** राँची के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इटकी रेल फाटक पर आवागमन में आम जनमानस को असुविधा हो रही है । ज्ञात हो कि यह सड़क भारत की सबसे पुरानी यक्ष्मा अस्पतालों में से एक अस्पताल को जोड़ती है । यह रेलवे फाटक झारखंड की राजधानी रांची की लाइफलाइन को सुचारू रखने की गति को अवरूद्ध / मंद करता आ रहा है ।

आम जनमानस की सुविधा हेतु आवश्यक है कि इटकी रेल फाटक पर ओवरब्रिज के निर्माण की प्रकिया प्रारंभ की जाए ।